# खास-खबरें

## कामचोर अफसरों को विधायक की सख्त चेतावनी लापरवाही पर सीएम को लिखूंगा बर्खास्तगी की चिट्ठी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** सेमरा दांगी में शुक्रवार को आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने लापरवाह और काम में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। कार्यक्रम से विद्युत विभाग और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों के गैरहाजिर रहने पर उन्होंने नाराजगी जताई और एसडीएम तन्मय वर्मा को संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता के काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, 'एक चिट्ठी में मुख्यमंत्री को लिखूंगा और दूसरी बर्खास्तगी की चिट्ठी मुख्यमंत्री आपको लिखकर भेज देंगे।' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, गरीबों और मजदूरों की सरकार है और जनता को अपनी समस्याएं रखने का पूरा अधिकार है। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, सेमरा दांगी ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव, संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## औसत बारिश से 400 मिमी पीछे क्षेत्र, सोयाबीन फसल को लेकर किसान चिंतित

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** क्षेत्र में इस वर्ष अब तक औसत बारिश की तुलना में करीब 400 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। क्षेत्र में औसत बारिश का आंकड़ा 1100 मिलीमीटर है, जबकि वर्तमान समय तक करीब 730 मिलीमीटर बारिश ही हुई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 833 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी, यानी इस बार करीब 100 मिलीमीटर कम बारिश हुई है। कृषि क्षेत्र में कम बारिश का असर फसलों पर भी दिखाई दे रहा है। किसानों के अनुसार कुछ स्थानों पर बारिश के पानी और प्राकृतिक परिस्थितियों के कारण फसल की स्थिति ठीक है, लेकिन कई क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि जिन खेतों में सोयाबीन की बढ़वार अधिक हुई है, वहां फूल आने की स्थिति कमजोर बनी हुई है। कई किसानों ने चिंता जताई है कि कुछ जगहों पर फसल में पर्याप्त फूल नहीं आने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। किसानों को आशंका है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो सोयाबीन की पैदावार पर असर पड़ेगा।

## गाजर घास प्रबंधन को लेकर किसानों को किया जागरूक



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** कृषि विज्ञान केंद्र रायसेन द्वारा गाजर घास उन्मूलन सप्ताह के तहत औबेदुल्लागंज विकासखंड के ग्राम सेमरी कला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर के दिशा-निर्देश में आयोजित किया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को गाजर घास के दुष्प्रभाव और उसके नियंत्रण के उपाय बताए। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. स्वप्निल दुबे ने बताया कि गाजर घास देशभर में करीब 3.5 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैल चुका है। यह खरपतवार खेतों, सड़क किनारे, नालियों, औद्योगिक क्षेत्रों और खाली स्थानों पर तेजी से फैल रहा है। उन्होंने बताया कि गाजर घास के संपर्क से मनुष्यों में त्वचा रोग, एलर्जी, एक्जिमा, बुखार और दमा जैसी समस्याएं हो सकती हैं, वहीं पशुओं के लिए भी यह हानिकारक है। कार्यक्रम में ग्राम सेमरी कला के करीब 30 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुनील ओड, बालाराम कुशवाह, शिवनारायण उईके, नारायण प्रसाद, ओमप्रकाश अहिरवार सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन से पहले नगर पालिका की सख्ती, अतिक्रमण और पॉलिथीन पर चला अभियान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए नगर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। सीएमओ अशोक वर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ता और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने जय स्तंभ चौराहे से रेलवे स्टेशन मार्ग तक निरीक्षण कर दुकानदारों को आवश्यक निर्देश दिए। अभियान के दौरान टीम ने दुकानों के बाहर सड़क और फुटपाथ पर रखे सामान की जांच की। अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि वे अपना सामान निर्धारित सीमा के अंदर रखें, ताकि आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी न हो। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है, ऐसे में अतिक्रमण से जाम और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सब्जी विक्रेताओं, चाट-रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य सामग्री विक्रेताओं की भी जांच की।

## बढ़े किराए को पढ़ाई पर आर्थिक बोझ बता एसडीएम को सौंपा आवेदन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदाः** बस किराए में हुई बढ़ोतरी के विरोध में भैरूंदा क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने 25 अगस्त को शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। छात्र प्रतिनिधियों ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सुधीर कुशवाहा को लिखित सूचना देकर आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। विद्यार्थियों का कहना है कि भैरूंदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र रोजाना बसों से नगर पहुंचकर शासकीय महाविद्यालय, आईटीआई, कोचिंग संस्थानों और अन्य शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करते हैं। ऐसे में बस किराए में हुई वृद्धि का सीधा असर विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर पड़ रहा है।

# बच्चों के बीच जमीन पर बैठकर विधायक और संभागायुक्त ने जाना आंगनबाड़ी का हाल

**▸▸ अधिकारियों ने बच्चों से उनकी दिनचर्या, खेल-कूद की जानकारी प्राप्त की**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत जिले की ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत अटारी खेजड़ा में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। यहां दोनों ने बच्चों के बीच सहज भाव से जमीन पर बैठकर उनसे संवाद किया और आंगनबाड़ी में मिलने वाली सुविधाओं एवं गतिविधियों की जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों से पूछा कि उन्हें आंगनबाड़ी में कब खाना मिलता है, यहां आकर उन्हें कैसा लगता है तथा खेलने के लिए उन्हें और किन चीजों की आवश्यकता है। बच्चों ने भी सहजता से अपनी बातें साझा कीं। अधिकारियों ने बच्चों से उनकी दिनचर्या, खेल-कूद तथा आंगनबाड़ी में होने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। संभागायुक्त ने बच्चों से प्रारंभिक शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत दी जा रही जानकारी भी ली। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विषयों से संबंधित सरल सवाल पूछकर उनकी सीखने की प्रक्रिया को समझा।

इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही पोषण आहार व्यवस्था, खेल सामग्री तथा प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की उपस्थिति, पोषण एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों एवं निरीक्षण गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं और सेवाओं की वास्तविक स्थिति को समझना तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही आवश्यक सुविधाओं का लाभ दिलाना है। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा गांवों में पहुंचकर आमजन, विद्यार्थियों और बच्चों से सीधे संवाद किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र में विधायक एवं संभागायुक्त का बच्चों के बीच जमीन पर बैठकर संवाद करना बच्चों के प्रति सहजता और आत्मीयता का संदेश रहा। इस दौरान बच्चों ने भी उत्साह के साथ अधिकारियों से बातचीत की और अपनी जरूरतें एवं पसंद के बारे में खुलकर बताया।

# गुजरात जहरीली शराब कांड के बाद सीहोर में 41 लाख की शराब जब्त

**▸▸ पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** गुजरात के भावनगर में जहरीली शराब पीने से हुई 9 लोगों की मौत और उसके तार मध्य प्रदेश से जुड़ने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस हाई अलर्ट पर है। इसी मुस्तैदी का असर सीहोर में देखने को मिला, जहां कोतवाली पुलिस ने गुजरात भेजी जा रही 41 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी है। तस्करों ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए ट्रक में सीमेंट बिखेर रखी थी और अंदर नट-बोल्ट से कसा हुआ एक सीक्रेट केबिन बना रखा था।

बता दें हाल ही में गुजरात के भावनगर में मिथाइल अल्कोहल से बनी जहरीली शराब पीने से 9 लोगों की जान चली गई थी। इस मामले का मुख्य आरोपी रईस उज्जैन से पकड़ा गया, जिसकी ससुराल भोपाल के करोंद में है। इस नेटवर्क के उजागर होने के बाद पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर प्रदेश भर में अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सीहोर पुलिस को यह बड़ी कामयाबी हाथ लगी है।

पुलिस ने 41 लाख रुपये की 325 पेटी शराब और ट्रक को जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में चालक बबलू चौहान और क्लीनर सिकंदर मंडलोई दोनों निवासी जोबट जिला अलीराजपुर शामिल हैं। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। अब पुलिस यह पड़ताल कर रही है कि भोपाल में यह शराब किस सिंडिकेट से लोड कराई गई थी और गुजरात में इसकी डिलीवरी किसे दी जानी थी।

**कार्रवाई में शामिल पुलिस टीमः** कार्रवाई में थाना प्रभारी रविंद्र यादव, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह पंवार, मनोज वर्मा, आरक्षक जितेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र चंद्रवंशी, चेतन चौहान, विवेकसिंह दांगी, नरेंद्र सिंह जाट और चालक विष्णु भगवान ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

### खाली दिखे ट्रक, इसलिए बिखेरी सीमेंट

एसपी सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशों पर एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे और सीएसपी डॉ. अभिनंदन शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र यादव की टीम मुस्तैद थी। 20 और 21 अगस्त की दरमियानी रात मुखबिर से खबर मिली कि भोपाल की तरफ से एक ट्रक में अवैध शराब लेकर गुजरात की ओर जा रहा है। पुलिस ने तत्काल बिलकिसगंज झागरिया रोड पर ग्राम बरखेड़ी पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया। शुरुआती जांच में ट्रक का पिछला हिस्सा खाली मिला, जहां केवल सीमेंट की धूल बिखरी थी ताकि लगे कि गाड़ी खाली लौट रही है। लेकिन पुलिस की कड़ाई से पूछताछ के आगे आरोपी टूट गए। आरोपियों ने बताया कि केबिन से सटा अगला हिस्सा एक सीक्रेट कंपार्टमेंट है। जब नट-बोल्ट खोलकर उसका लोहे का गेट हटाया गया तो अंदर एमडी व्हिस्की और रॉयल स्टैग की 325 पेटी शराब ठसाठस भरी मिली।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांची विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** कलेक्टर ऋतु राज सिंह ने शुक्रवार को देवास विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर विकास कार्यों, आधुनिक कृषि तकनीकों और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने के साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नापाखेड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों से कार्य की प्रगति और निर्धारित समय सीमा की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि बरोठा से नापाखेड़ी मार्ग पर बन रही पुलिया की लंबाई 105 मीटर है, जिसकी लागत 5 करोड़ 38 लाख रुपये है। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले क्रेशर प्लांट संचालक को नोटिस जारी करने और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री की समय-समय पर लैब जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। साथ ही श्रमिकों के लेबर रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी ली।

इसके बाद कलेक्टर ने ग्राम सुप्लाखेड़ा स्थित नर्सरी पॉलीहाउस का निरीक्षण किया। प्रगतिशील किसान शुभम ने उन्हें आधुनिक तकनीक से उद्यानिकी फसलों के पौधे तैयार करने की प्रक्रिया बताई।

## खेलते-खेलते कुएं में गिरी 5 वर्षीय मासूम, डूबने से मौत


**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** थाना भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम छिदगांव मोजी में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय मासूम बच्ची की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बच्ची खेत पर बने टप्पर के पास अपने भाई-बहनों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान कुएं के पास पहुंचने पर संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में जा गिरी।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बच्ची को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

पुलिस के अनुसार मृतक बच्ची राधिका (5) पिता अर्जुन कोरकू निवासी रानीझिरी, थाना रोशनी, जिला खंडवा की रहने वाली थी। वह अपने माता-पिता के साथ ग्राम छिदगांव मोजी में किसान सुमेर सिंह भाटी के खेत पर रहती थी। उसके पिता खेत की रखवाली का कार्य करते हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 4 बजे राधिका अपनी बड़ी बहन और छोटे भाई के साथ खेत पर बने टप्पर के पास खेल रही थी। खेलते समय वह कुएं के पास पहुंच गई और पानी में पत्थर फेंकने लगी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह कुएं में गिर गई।

घटना को राधिका के छोटे भाई ने देखा और तुरंत खेत में काम कर रहे माता-पिता को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से पुलिस को सूचना दी।



थाना प्रभारी घनश्याम दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद बच्ची को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया।

**पुलिस का कहनाः** ग्राम छिदगांव मोजी में खेत की रखवाली करने वाले मजदूर की पांच वर्षीय बेटी कुएं में गिर गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कुएं से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**घनश्याम दांगी**, थाना प्रभारी

## हरियाली महोत्सव में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गंजबासौदा।** पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए सावित्री महिला मंडल परिवार की ओर से हरियाली महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बेटियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने प्रकृति के महत्व पर विचार साझा किए और अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक उत्साह और पर्यावरण प्रेम का सुंदर समन्वय देखने को मिला। महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयासों से भी प्रकृति को सुरक्षित रखने में योगदान दिया जा सकता है। आयोजन में शामिल बेटियों ने भी पर्यावरण बचाने, पौधों की देखभाल करने और लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का मौके पर किया निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को बेगमगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत टेकापार मुंजप्ता में वृहद जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया।



शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी सहित अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। शिविर में प्राप्त आवेदनों में जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव था, उनका संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल निराकरण किया गया। वहीं शेष आवेदनों के लिए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने पहले से लंबित आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी गई।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सुल्तानगंज में व्यापारियों से संवाद किया। उन्होंने व्यापारियों से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित करने को लेकर चर्चा की। कलेक्टर ने उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से व्यापार नियमों और श्रम कानूनों का पालन करने की अपील भी की।

## रक्तदान से जीवन रक्षा के साथ बढ़ती है भाईचारे की भावनाः ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चर्च वाली गली, बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी के 19वें स्मृति दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि दूसरों के जीवन की रक्षा करना मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। रक्तदान महादान है, क्योंकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं होता और इसकी पूर्ति केवल स्वस्थ व्यक्तियों के स्वैच्छिक दान से ही संभव है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया, हीमोफिलिया, कैंसर और सड़क दुर्घटनाओं जैसी आपात परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि रक्तदान केवल किसी जरूरतमंद को जीवन नहीं देता, बल्कि समाज में सहयोग, सेवा और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि 21 से 25 अगस्त तक भारत और नेपाल के विभिन्न सेवा केंद्रों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**स्पेशल खबर** अनुपस्थित डॉक्टर-कर्मचारियों को नोटिस के निर्देश

# विधायक ने डेढ़ घंटे किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** विधायक विपिन जैन ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का करीब डेढ़ घंटे तक औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर उपचार और सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों और अव्यवस्थाओं की रिपोर्ट विधायक द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

विधायक ने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था, मरीजों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन तथा गर्भवती महिलाओं के लिए दिए जाने वाले विशेष आहार की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की ओपीडी, टीकाकरण केंद्र और बच्चों के टीकाकरण की व्यवस्थाएं भी देखीं। इसके बाद



विधायक ओपीडी पहुंचे और वहां उपचार के लिए आए मरीजों से चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों को जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

विधायक जैन ने चिकित्सकों और अस्पताल के कर्मचारियों को मरीजों एवं उनके परिजनों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में मुख्य रूप से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ सम्मानजनक व्यवहार भी किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सिविल सर्जन को सोनोग्राफी मशीन का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित चिकित्सक को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने की बात भी कही, ताकि मरीजों को सोनोग्राफी सुविधा के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

ड्यूटी से अनुपस्थित मिले डॉक्टरों और कर्मचारियों को लेकर विधायक ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। विधायक ने मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क दवाइयों के वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली।

वहीं, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद एंबुलेंस के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े, इसके लिए सिविल सर्जन को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल से छुट्टी के बाद गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित रूप से उनके निवास तक पहुंचाने की व्यवस्था होनी चाहिए। विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए और निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।